प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 04.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—**

1— राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के दस जिलों में जिला स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के गठन को दी मंजूरी।

2— राज्य सरकार ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया पांच और छह फरवरी तक बढ़ाई।

3— ओडिशा के मलकानगिरी में आज इक्कीस लाख रूपये के इनामी माओवादी ने किया आत्मसमर्पण।

4— धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले में आज से लागू हुईं जमीन की नई गाइडलाइन दरें।

---

**मंत्रिपरिषद—निर्णय—01**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के दस जिलों में जिला स्तरीय एन्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के गठन के लिए वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के मुख्य बजट में सौ नये पदों की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा, कबीरधाम, जशपुर, राजनांदगांव और कोरबा जिला शामिल हैं।

बैठक में पुलिस मुख्यालय के विशेष शाखा के अंतर्गत स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप–एस.ओ.जी. के गठन के लिए चवालीस नये पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। मंत्रिपरिषद ने राज्य के विभिन्न एयरपोर्ट और हवाई पट्टियों में उड़ान प्रशिक्षण संगठन–एफटीओ की स्थापना का निर्णय लेते हुए इसके संचालन के दिशा–निर्देशों का अनुमोदन किया।

बैठक में मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ नवाचार और स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति का अनुमोदन किया है। इस नीति से स्टार्टअप ईको सिस्टम के साथ इन्क्यूबेटर्स और अन्य हितधारकों का विकास होगा। वहीं, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल और रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई और पूरी हो चुकी पैंतीस आवासीय कॉलोनियों को नगर निगम और नगर पालिकाओं को सौंपने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर में शासकीय विभागों और निगम मंडल के कार्यालयों के लिए एनआरडीए द्वारा एक बहुमंजिला भवन बनाने का निर्णय लिया है।

---

**मंत्रिपरिषद–निर्णय–02**

एक अन्य निर्णय में मंत्रिपरिषद ने सिरपुर और अरपा क्षेत्र में शासकीय भूमि के आबंटन का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर को प्रदान किया है। वहीं, ''छत्तीसगढ़ क्लाउड फर्स्ट नीति'' को प्रदेश में लागू किए जाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। बैठक में डिजिटल अवसंरचना को विस्तार देने के लिए मोबाइल टावर योजना का अनुमोदन किया गया है।

---

**गृह–नक्सलवाद**

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने आज स्पष्ट किया कि सरकार इस वर्ष मार्च तक नक्सलवाद मुक्त भारत के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई कदम उठाए जा रहे हैं।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान श्री राय ने कहा कि सरकार की नक्सलवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद उन्मूलन के लिए छह प्रायोजित योजनाओं को लागू करने में दस हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। श्री राय ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस मुद्दे का समाधान इसलिए नहीं किया, क्योंकि उनका मानना था कि यह जिम्मेदारी केंद्र की नहीं, बल्कि राज्य सरकारों की है।

श्री राय ने बताया कि वर्ष दो हजार उन्नीस से अब तक सुरक्षा बलों ने तैंतीस शीर्ष माओवादियों को ढेर किया है। वहीं, सात हजार चार सौ से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, पांच हजार आठ सौ अस्सी ने आत्मसमर्पण किया है। वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा की घटनाओं में अठासी प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार चौदह में लगभग एक सौ छब्बीस जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे, जो घटकर आठ रह गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष दो हजार चौदह में दस राज्य नक्सलवाद से ग्रस्त थे। लेकिन, दो हजार पच्चीस में यह संख्या घटकर तीन राज्यों तक रह गई है।

---------------------------------------------------------------

**माओवादी आत्मसमर्पण**

ओडिशा के मलकानगिरी जिले में आज इक्कीस लाख रूपये के इनामी माओवादी सुखराम मरकाम ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान पुलिस ने इस माओवादी के पास से एक एसएलआर सहित विस्फोटक सामग्री बरामद की है। एसीएम रैंक का सक्रिय कैडर सुखराम मरकाम लंबे समय से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था। यह माओवादी मूल रूप से छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले का निवासी बताया जाता है।

---------------------------------------------------------------

**धान खरीदी**

राज्य सरकार ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को दो दिनों के लिए आगे बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर तीन श्रेणियों के किसानों को धान बेचने के लिए कल और परसों

यानी पांच और छह फरवरी का अतिरिक्त समय दिया गया है। पहली श्रेणी में वे किसान शामिल हैं, जिन्होंने दस जनवरी के बाद टोकन के लिए आवेदन किया था, लेकिन सत्यापन नहीं हो पाने की वजह से धान बेचने से वंचित रह गए थे। वहीं, दूसरी श्रेणी में जिन किसानों ने दस जनवरी के बाद आवेदन किया और सत्यापन के बाद उनके पास धान बच गया और तीसरी श्रेणी में अट्ठाईस से तीस जनवरी को टोकन प्राप्त करने वाले किसान जो किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर धान बेच नहीं सके थे, उन्हें शामिल किया गया है।

---------------------------------------------------------------

## नई गाइडलाइन दर

धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले में आज से जमीन की नई गाइडलाइन दरें लागू हो गई हैं। केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने इन जिलों के संशोधन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इससे प्रदेश में संपत्ति की कीमत तय करने की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी तथा सरल हो जाएगी। नई दरों की जानकारी जिला पंजीयन कार्यालयों और विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्य शासन के अनुसार अन्य जिलों के प्रस्तावों पर भी जल्द निर्णय लिया जाएगा।

गौरतलब है कि राज्य में बीते बीस नवंबर से नई गाइडलाइन दरें लागू की गई थीं। इसके बाद जिला मूल्यांकन समितियों को स्थानीय जरूरत के अनुसार दरों में बदलाव के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए थे।

---------------------------------------------------------------

## प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा–दो हजार तेईस के तहत तृतीय और अंतिम अवसर के रूप में दो सौ चौव्वन अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त द्वारा सूचना जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को छह फरवरी को अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों और सत्यापन प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहना होगा। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया रायपुर के विज्ञान महाविद्यालय परिसर में सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

-----------------------------------------------------------------

## व्हॉलीबॉल चैंपियनशिप

रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में कल से सैंतीसवीं फेडरेशन कप व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और अधोसंरचना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य व्हॉलीबॉल एसोशिएशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ सहित देशभर की सोलह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें पुरुष वर्ग में दस और महिला वर्ग में छह टीमें शामिल हैं। यह प्रतियोगिता आठ फरवरी तक चलेगी।

-----------------------------------------------------------------

## सिरपुर महोत्सव—समापन

पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव कल संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सिरपुर महोत्सव हमारी गौरवशाली परंपराओं, सभ्यता और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संस्कृति, पर्यटन और विरासत को संरक्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि सिरपुर महोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोकनृत्य, शास्त्रीय संगीत, भजन—कीर्तन और आधुनिक संगीत जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। महोत्सव में आकर्षक प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों, सांस्कृतिक दलों और प्रमुख आयोजकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान देश और प्रदेश से आए पर्यटकों ने सिरपुर की ऐतिहासिक धरोहरों, मंदिरों और विहारों का अवलोकन किया।

-------------------------------------------------------------------

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना के तहत राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के विकास के लिए अड़तालीस करोड़ तैंतालीस लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

– स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश के बासठ स्कूलों में नये भवन निर्माण के लिए सात करोड़ बाईस लाख रुपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें तीस पूर्व माध्यमिक स्कूल और बत्तीस प्राथमिक स्कूल शामिल हैं।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने जुलाई से शुरू हो रहे सत्र में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि को इकतीस जनवरी से बढ़ाकर पंद्रह फरवरी कर दिया है।

– आबकारी विभाग ने देशी–विदेशी मदिरा और बियर पर ड्यूटी दरें पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी यथावत् रखी है। वहीं, सस्ती और देशी मदिरा की ड्यूटी दरों में ही आंशिक परिवर्तन किया गया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने जांजगीर–चांपा जिले के पामगढ़ की अतिरिक्त तहसीलदार करुणा आहिरे और पटवारी आयुष ध्रुव को पैंतीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर रेलवे स्टेशन से आज साढ़े आठ सौ श्रद्धालुओं का जत्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ।

– कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभयारण्य में जल्द ही जंगल सफारी प्रारंभ की जाएगी। इस सफारी में पर्यटक गौर, चीतल, सांभर, भालू और जंगली सुअर जैसे वन्यप्राणियों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकेंगे।

– धमतरी पुलिस ने बोराई सीमा पर चेकिंग के दौरान ओडिशा से रायपुर आ रही एक यात्री बस से लगभग पैंतीस किलो गांजे के साथ दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब अट्ठारह लाख रूपये बताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>